C·S(P)09

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

**T.B.C. : P-DTQ-J-HFH**

**TEST BOOKLET SERIES**

**A**

**Serial** 11701

# TEST BOOKLET

# GEOGRAPHY

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 300***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES ***NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**

    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

***ध्यान दें :*** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. Caledonian orogenic movements are related to the geological history of

(a) Late Jurassic and early Cretaceous period

(b) Late Silurian and early Devonian period

(c) Middle Triassic period

(d) Late Devonian and early Carboniferous period

2. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Discontinuities)* | *List II (Layers of Earth's interior associated with discontinuity)* |
|---|---|
| A. Weichert – Gutenberg discontinuity | 1. Outer core and inner core |
| B. Mohorovicic (Moho) discontinuity | 2. Lower mantle and outer core |
| C. Lehman discontinuity | 3. Upper mantle and lower mantle |
| D. Conrad discontinuity | 4. Lower crust and upper mantle |
| | 5. Division of Sial and Sima within the crust |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 5 |
| (d) | 5 | 4 | 1 | 2 |

3. Consider the following minerals :

1. Corundum
2. Quartz
3. Topaz

What is the correct sequence of the above in terms of descending order of their hardness ?

(a) 1 – 2 – 3

(b) 2 – 3 – 1

(c) 1 – 3 – 2

(d) 3 – 1 – 2

4. A lens-shaped igneous intrusion situated beneath an anticlinal fold or in the base of a syncline is called

(a) Lapolith

(b) Lacolith

(c) Phacolith

(d) Batholith

5. Open folds are those in which the angle between the two limbs of the fold is

(a) more than 90° but less than 180°

(b) more than 75° but less than 150°

(c) more than 45° but less than 90°

(d) more than 120° but less than 210°

6. Consider the following statements :

1. Kaolinite is the weathered silicate clay.
2. Kaolinization process occurs due to hydrothermal alteration of feldspar.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

1. कैलिडोनियाई पर्वतनी संचलन किसके भूवैज्ञानिक इतिहास से संबद्ध हैं ?

(a) पश्च जुरेसिक और आरंभिक क्रिटेशस कल्प

(b) पश्च सिल्यूरियन और आरंभिक डिवोनी कल्प

(c) मध्य ट्राइऐसिक कल्प

(d) पश्च डिवोनी और आरंभिक कार्बनी कल्प

2. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (असांतत्य) | | सूची II (असांतत्य से संबद्ध भूगर्भ की परतें) |
|---|---|---|
| A. | वाइचर्ट – गुटेनबर्ग असांतत्य | 1. बाहरी क्रोड और भीतरी क्रोड |
| B. | मोहरोविसिक (मोहो) असांतत्य | 2. निचला मैंटल और बाहरी क्रोड |
| C. | लेहमन असांतत्य | 3. ऊपरी मैंटल एवं निचला मैंटल |
| D. | कॉन्रैड असांतत्य | 4. निचली पर्पटी और ऊपरी मैंटल |
| | | 5. पर्पटी के अंदर सिएल और सिमै का विभाजन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 5 |
| (d) | 5 | 4 | 1 | 2 |

3. निम्नलिखित खनिजों पर विचार कीजिए :

1. कोरंडम
2. क्वार्ट्ज़
3. टोपैज़

उपर्युक्त का उनकी कठोरता के अवरोही क्रम में सही अनुक्रम क्या है ?

(a) 1 – 2 – 3

(b) 2 – 3 – 1

(c) 1 – 3 – 2

(d) 3 – 1 – 2

4. अपनतिक वलन के नीचे या अभिनति के आधार में लेन्स-आकार का आग्नेय अंतर्वेधन क्या कहलाता है ?

(a) लैपोलिथ

(b) लैकोलिथ

(c) फैकोलिथ

(d) बैथोलिथ

5. विवृत वलन वे हैं जिनमें वलन के दो अंगों के बीच कोण

(a) 90° से ज्यादा लेकिन 180° से कम है

(b) 75° से ज्यादा लेकिन 150° से कम है

(c) 45° से ज्यादा लेकिन 90° से कम है

(d) 120° से ज्यादा लेकिन 210° से कम है

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केओलिनाइट अपक्षीण सिलिकेट मृत्तिका है ।
2. केओलिनीकरण प्रक्रम, फेल्डस्पार के उष्णजलीय अंतरण के कारण होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

7. Consider the following statements :

1. Pyramidal peak is a gentle-sided mountain summit.
2. Tarn is formed often in the cirques.
3. The long axis of drumlins are parallel to the direction of glacial movement.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

8. A landform developed by the process of deposition occurring towards the centre of intermontane basins in arid or semi-arid regions is known as

(a) Pediment
(b) Bajada
(c) Playa
(d) Peneplain

9. Eskers are of glacio-fluvial origin. Which one of the following statements characterize them ?

(a) They are long, narrow and sinuous ridges of sands.
(b) They are small, irregular mounds of bedded sands.
(c) They are small alluvial cones.
(d) They are flat-topped terraces.

10. Consider the following statements regarding the distribution and pattern of isotherms :

1. In the northern hemisphere, isotherms bend sharply equator-ward over the continents during winter.
2. Temperature gradients are greater in summer than in winter in the northern hemisphere.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

11. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Local Wind)* | *List II (Country/Region)* |
|---|---|
| A. Harmattan | 1. Argentina |
| B. Haboob | 2. Adriatic coast |
| C. Bora | 3. West Africa |
| D. Zonda | 4. Sudan |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पिरेमिडी शिखर मंद-पार्श्व वाला पर्वत शिखर है ।
2. गिरिताल प्रायः सर्क में बनता है ।
3. हिमनदोढ टिब्बों (ड्रमलिन) के लम्बे अक्ष हिमनदीय संचलन की दिशा के समान्तर होते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसे सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

8. शुष्क या अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में अंतरापर्वतीय द्रोणियों के केन्द्र की तरफ होने वाले निक्षेपण के प्रक्रम के द्वारा विकसित भू-आकृति को क्या कहते हैं ?

(a) पेडिमेंट

(b) बाहादा

(c) प्लाया

(d) समप्राय भूमि

9. हिमनद मृद कटक (एस्कर) हिमजलीय उद्गम के होते हैं । निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन उनकी विशेषता बताता है ?

(a) वे बालू के लम्बे, संकीर्ण और तरंगिल कटक हैं ।

(b) वे संस्तरित बालू के छोटे, असमाकृतिक टीले हैं ।

(c) वे छोटे जलोढ शंकु हैं ।

(d) वे सपाट-शीर्ष वाली वेदिकाएँ हैं ।

10. समताप रेखाओं के वितरण और प्रतिरूप के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उत्तरी गोलार्ध में, शीतकाल में समताप रेखाएँ महाद्वीपों पर तीक्ष्णता से भूमध्य रेखा की ओर मुड़ती हैं ।
2. उत्तरी गोलार्ध में, ताप प्रवणताएँ गर्मियों में शीतकाल की अपेक्षा ज्यादा होती हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

11. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (स्थानीय हवा) | | सूची II (देश/क्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| A. | शुष्क पवन (हारमैटन) | 1. | अर्जेंटाइना |
| B. | हबूब | 2. | एड्रियाटिक तट |
| C. | बोरा | 3. | पश्चिम अफ्रीका |
| D. | ज़ोन्डा | 4. | सूडान |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

12. With reference to convectional type of rainfall, consider the following statements :

1. It is a warm weather phenomenon.
2. This rainfall is associated with cumulo-nimbus clouds.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

13. With reference to the sub-tropical high pressure belt, consider the following statements :

1. It is affected by Earth's rotation and descent of winds from higher altitudes.
2. It is dynamically induced and characterised with anti-cyclonic conditions.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

14. In Koppen's classification of world climate, Aw climates refer to

(a) Humid tropical wet monsoon climate with a short dry season

(b) Tropical wet and dry climate with dry season in winter

(c) Tropical desert climate

(d) Humid meso-thermal climates

15. With reference to equatorial climate, consider the following statements :

1. Thermally induced low pressure belt develops around the equator but the pressure gradient is very low.
2. Temporal variability in the amount of rainfall is not found.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

16. Who introduced the term anticyclone for the first time ?

(a) Fitzroy

(b) J. Bjerknes

(c) F. Galton

(d) V. Bjerknes

17. Consider the following statements regarding general characteristics associated with tropical cyclones :

1. Tropical cyclones move with very low velocity over the oceans but become strong while moving over the land areas.
2. They are confined to a particular period of the year (mainly summer) and normally move from east to west.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

12. संवहनी प्रकार की वर्षा के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह एक कोष्ण मौसम परिघटना है ।
2. यह वर्षा कपासी वर्षी मेघ से सम्बद्ध है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

13. उपोष्ण उच्च दाब कटिबंध के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह पृथ्वी के घूर्णन और उच्चतर तुंगताओं से हवाओं के अवतरण से प्रभावित होती है ।
2. यह गतिकतः प्रवृत्त और प्रतिचक्रवाती दशाओं की विशेषताओं वाली है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

14. कोपेन के जगत जलवायु वर्गीकरण में, Aw जलवायु किसे निर्दिष्ट करती है ?

(a) आर्द्र उष्णकटिबंधीय नम मानसून जलवायु, अल्पकालिक शुष्क मौसम के साथ
(b) उष्णकटिबंधीय नम और शुष्क जलवायु, शीतकालीन शुष्क मौसम के साथ
(c) उष्णकटिबंधीय मरुस्थलीय जलवायु
(d) आर्द्र मध्यतापीय जलवायु

15. विषुवतरेखीय जलवायु के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ऊष्मीयतः प्रवृत्त निम्न दाब पट्टी भूमध्य रेखा के चारों ओर बनती है लेकिन दाब प्रवणता बहुत कम होती है ।
2. वर्षा के परिमाण में कालिक चरता नहीं पाई जाती ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

16. प्रतिचक्रवात शब्द का प्रयोग पहली बार किसने किया ?

(a) फिट्ज़रॉय
(b) जे. जर्कनीस
(c) एफ. गैल्टन
(d) वी. जर्कनीस

17. उष्णकटिबंधीय चक्रवातों से संबद्ध सामान्य अभिलक्षणों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उष्णकटिबंधीय चक्रवात महासागरों पर अत्यंत निम्न वेग से चलते हैं लेकिन स्थल क्षेत्रों पर उनका वेग प्रबल हो जाता है ।
2. वे वर्ष की एक विशेष समयावधि तक सीमित रहते हैं (मुख्यतः गर्मियों में) और वे सामान्यतः पूर्व से पश्चिम की ओर संचलन करते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

18. There is a submarine ridge in the Bay of Bengal. What is it called ?

(a) Ninety East ridge

(b) Mozambique ridge

(c) Chagos-Laccadive ridge

(d) Carlsberg ridge

19. Consider the following statements :

1. The continental shelves of Lakshadweep originated due to coral reefs.

2. The continental shelves of western coast are due to faulting and submergence.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

20. Consider the following statements :

1. Temperature of surface water is comparatively higher in the northern hemisphere than in the southern hemisphere.

2. The isotherms in the southern hemisphere are not regular and do not follow the latitudes while they (isotherms) are regular and follow the latitudes in the northern hemisphere.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

21. Consider the following :

1. Gulf of California

2. Mediterranean Sea

3. Baltic Sea

In terms of decreasing salinity, which one of the following is the correct sequence ?

(a) 1 – 2 – 3

(b) 2 – 1 – 3

(c) 3 – 1 – 2

(d) 2 – 3 – 1

22. Consider the following statements :

1. Globigerina ooze is a calcareous pelagic deposit.

2. Globigerina ooze is found mostly in the tropical and temperate zones of the Atlantic Ocean.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

23. Regular oscillations in the water surface of large water bodies are formed because of

(a) Gravitational effect of Moon

(b) Difference in temperature of sea water and the air above

(c) Rotation of Earth

(d) Friction of wind on the water surface

18. बंगाल की खाड़ी में अन्तःसमुद्री कटक है । वह किस नाम से जानी जाती है ?

(a) नाइन्टी ईस्ट कटक

(b) मोज़ाम्बीक कटक

(c) चैगोस-लैकाडिव कटक

(d) कार्ल्सबर्ग कटक

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लक्षद्वीप के महाद्वीपीय शेल्फ प्रवाल भित्तियों के कारण उत्पन्न हुए ।

2. पश्चिमी तट के महाद्वीपीय शेल्फ भ्रंशन और निमज्जन के कारण हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. दक्षिणी गोलार्ध की तुलना में उत्तरी गोलार्ध का भूपृष्ठ जल तापमान ज्यादा होता है ।

2. समताप रेखाएँ दक्षिणी गोलार्ध में नियमित नहीं हैं और अक्षांश का अनुसरण नहीं करती हैं, लेकिन उत्तरी गोलार्ध में ये (समताप रेखाएँ) नियमित हैं और अक्षांश का अनुसरण करती हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. कैलीफोर्निया की खाड़ी

2. भूमध्य सागर

3. बाल्टिक सागर

इनका, घटती लवणता के आधार पर निम्नलिखित में से कौनसा एक, सही अनुक्रम है ?

(a) 1 – 2 – 3

(b) 2 – 1 – 3

(c) 3 – 1 – 2

(d) 2 – 3 – 1

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ग्लोबीजेरायना निपंक एक कैल्सियमी अंबुधी निक्षेप है ।

2. ग्लोबीजेरायना निपंक ज्यादातर अटलांटिक महासागर के शीतोष्ण और उष्णकटिबंधीय कटिबंधों में पाए जाते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

23. बृहत् जलाशयों के जल पृष्ठ में नियमित दोलन, निम्नलिखित में से किस एक के कारण बनते हैं ?

(a) चन्द्रमा का गुरुत्वीय प्रभाव

(b) सागर जल और उसकी ऊपरी हवा के तापमान में असमानता

(c) पृथ्वी का घूर्णन

(d) भूपृष्ठ जल पर हवा का घर्षण

24. Consider the following statements :

1. Laterite consists essentially of oxides of iron and aluminium.
2. Ferrallitic soils occur widely in the humid tropics where chemical weathering and leaching are intense.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

25. Consider the following pairs :

1. Podzolization : Eluviation of clays, organic matter, calcium, sodium, iron, and aluminium out of the A horizon
2. Gleization : Accumulation of organic matter in a swampy environment

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

26. Chernozems are

(a) Silica rich temperate grassland soils
(b) Iron rich humid upland soils
(c) Humus rich dark brown colour soils in semi-arid region
(d) Humus rich tropical grassland soils

27. In which one of the following regions are the hurricanes apparently absent ?

(a) Coast of Texas
(b) Gulf of Mexico
(c) South-eastern coast of USA
(d) South-eastern coast of Pacific

28. The shifting cultivation that is leading to soil erosion in Brazil is known as

(a) Milpa
(b) Conuco
(c) Tavy
(d) Roca

29. Two main cold currents in the North Pacific Ocean are known as

(a) Oyashio and California currents
(b) Alaska and Kuroshio currents
(c) North Equatorial and Counter Equatorial currents
(d) North Pacific and Kuroshio currents

30. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Author) | List II (Concept) |
|---|---|
| A. Davis | 1. Pediplanation |
| B. Hack | 2. Peneplanation |
| C. Hutton | 3. Dynamic Equilibrium |
| D. King L.C. | 4. Uniformitarianism. |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मखरला (लैटेराइट) में लोह और ऐलुमिनियम के ऑक्साइड अनिवार्य रूप से होते हैं ।
2. आर्द्र उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में जहाँ रासायनिक अपक्षयण और निक्षालन अत्यधिक होता है, वहाँ ज्यादातर फेरालिटीय मृदाएँ मिलती हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. पॉडज़ोलीभवन : A संस्तर-स्थिति से मृत्तिकाओं, जैव पदार्थ, कैल्सियम, सोडियम, लोह, और ऐलुमिनियम का निक्षालन ।
2. ग्लेभवन : दलदली वातावरण में जैव पदार्थ का संचित होना ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

26. चर्नोज़ेम क्या हैं ?

(a) शीतोष्ण घासस्थल की सिलिका समृद्ध मृदाएँ
(b) लोह समृद्ध आर्द्र उच्चभूमि वाली मृदाएँ
(c) अर्ध-शुष्क क्षेत्र में गहरे भूरे रंग वाली ह्यूमस समृद्ध मृदाएँ
(d) उष्णकटिबंधीय घासस्थल की ह्यूमस समृद्ध मृदाएँ

27. निम्नलिखित में से किस एक क्षेत्र में प्रभंजन स्पष्टतया अविद्यमान रहते हैं ?

(a) टैक्सास का तट
(b) मैक्सिको की खाड़ी
(c) यू.एस.ए. का दक्षिण-पूर्वी तट
(d) दक्षिण-पूर्वी प्रशांत तट

28. ब्राज़ील में स्थानांतरी जुताई को, जो मृदा अपरदन का कारण है, क्या कहते हैं ?

(a) मिल्पा
(b) कोनूको
(c) टैंवि
(d) रोका

29. उत्तरी प्रशान्त महासागर की दो मुख्य शीत धाराएँ किस रूप में जानी जाती हैं ?

(a) ओयाशियो और कैलीफोर्निया धाराएँ
(b) अलास्का और कुरोशियो धाराएँ
(c) उत्तरी विषुवतीय और प्रति-विषुवतीय धाराएँ
(d) उत्तरी प्रशान्त और कुरोशियो धाराएँ

30. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I (लेखक)* | | *सूची II (संकल्पना)* |
|---|---|---|---|
| A. | डेविस | 1. | पदस्थलीभवन |
| B. | हैक | 2. | समप्राय भूनिर्माण |
| C. | हटन | 3. | गतिक संतुलन |
| D. | क्रिंग एल.सी. | 4. | एकरूपतावाद |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

31. With reference to migration, who of the following formulated the 'Gravity Model' which demonstrates the relationship between population size, distance and migration ?

(a) Zipf

(b) Miller

(c) Malthus

(d) Zelinsky

32. Consider the following statements :

1. The location of objects in geographic space and the associated attributes are handled by GIS.
2. Spatial objects are represented by graphical elements of points, lines and polygons.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

33. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Country)* | *List II (Feature)* |
|---|---|
| A. Thailand | 1. Entrepot |
| B. Singapore | 2. Mekong delta |
| C. Indonesia | 3. Pattaya beach |
| D. Vietnam | 4. Banda Aceh |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

34. For obtaining greater accuracy in the fraction of a division in both linear and angular measurements, which scale is used ?

(a) Linear Scale

(b) Vernier Scale

(c) Plane Scale

(d) Graphic Scale

35. Which one of the following RF represents the 1 cm map distance to 5 km of ground distance ?

(a) 1 : 500

(b) 1 : 5000

(c) 1 : 50000

(d) 1 : 500000

36. A form of diagram in which values are plotted as radii from a point of origin, is known as

(a) Star diagram

(b) Columnar diagram

(c) Block pile diagram

(d) Dispersion diagram

37. With reference to Dot method, consider the following statements :

1. Dot method is the most convenient method for illustrating the distribution of absolute figures.
2. The size of the dots depends upon the frequency of the element to be represented.
3. In it each dot has an identical value.
4. It is used very effectively when plotting values in detail on a large scale.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 3 and 4

(b) 2, 3 and 4

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

31. प्रवसन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किसने 'गुरुत्व मॉडल' का संरूपण किया, जो जनसंख्या आकार, दूरी और प्रवसन के बीच सम्बन्ध का निदर्शन करता है ?

(a) ज़िफ

(b) मिलर

(c) माल्थस

(d) ज़ेलिंस्की

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भौगोलिक दिक्स्थान में पिंडों का स्थान-निर्धारण और संबद्ध गुणों का संचालन GIS के द्वारा होता है ।

2. स्थानिक पिण्ड बिन्दुओं, रेखाओं और बहुभुज़ों के आलेखी अवयवों द्वारा निरूपित होते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

33. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (देश) | | सूची II (लक्षण) |
|---|---|---|---|
| A. | थाइलैंड | 1. | आन्त्रपो |
| B. | सिंगापुर | 2. | मीकॉन्ग डेल्टा |
| C. | इंडोनेशिया | 3. | पटाया पुलिन |
| D. | वियतनाम | 4. | बाँदा अचेह |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

34. रेखीय और कोणीय दोनों मापनों में भाग के प्रभाज में अपेक्षाकृत अधिक परिशुद्धता पाने के लिए कौनसी मापनी इस्तेमाल में लाई जाती है ?

(a) रेखीय मापनी

(b) वर्नियर मापनी

(c) समतल मापनी

(d) आलेखी मापनी

35. निम्नलिखित में से कौनसा एक RF, 1 सेमी की मानचित्र दूरी, 5 किमी भू-दूरी के बराबर निरूपित करता है ?

(a) 1 : 500

(b) 1 : 5000

(c) 1 : 50000

(d) 1 : 500000

36. एक प्रकार का आरेख, जिसमें मानों को मूलबिन्दु से त्रिज्याओं के रूप में चित्रित किया जाता है, क्या कहलाता है ?

(a) तारक रेखाचित्र

(b) स्तम्भी आरेख

(c) इष्टिका पुंज आरेख

(d) परिक्षेपण आरेख

37. बिन्दु विधि के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बिन्दु विधि, निरपेक्ष आकृतियों के वितरण को चित्रित करने के लिए सर्वाधिक सुविधाजनक विधि है ।

2. बिन्दु का आकार उस अवयव की आवृत्ति पर निर्भर करता है जिसे निरूपित किया जाना है ।

3. इसके अन्दर प्रत्येक बिन्दु का एक समरूप मान होता है ।

4. इसका उपयोग बड़े प्रभावकारी तरीके से होता है जब मानों का आलेखन बड़े मापदण्ड पर विस्तार से करना होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसे सही हैं ?

(a) 1, 3 और 4

(b) 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

38. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Map type)* | | *List II (Information Content)* |
|---|---|---|
| A. Choropleth | 1. | Quantitative map showing imaginary lines joining places of equal value for any distribution |
| B. Isopleth | 2. | Qualitative map showing areal distribution by symbols, index letters etc. |
| C. Chorochromatic | 3. | Qualitative map showing areal distribution by shades and tints |
| D. Choroschematic | 4. | Quantitative map showing regional variation of distribution using shades |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

39. A graph showing wavelength and reflectance amount is known as

(a) Spectral Reflectance Curve

(b) Spectral Signature

(c) Spectral Band

(d) Spectral Regions

40. For representing the data relating to cost control, quality control and assessment of progress, which of the following is/are the correct use of the diagram ?

(a) Cycle diagram

(b) Chorochromatic maps

(c) Chorographic compass maps

(d) Both chorochromatic and chorographic compass maps

41. A vector-based data structure is made for storing terrain information in digital terrain modelling in which each sample point has an x, y co-ordinate and a height, or z value. All the points are connected by edges to form a network of non-overlapping triangles that collectively represent the terrain surface. This network is known as

(a) TIN

(b) DTM

(c) TQM

(d) TIGER

42. In the Government of India, under which Ministry is the National River Conservation Directorate ?

(a) Ministry of Agriculture

(b) Ministry of Earth Sciences

(c) Ministry of Environment and Forests

(d) Ministry of Water Resources

38. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (मानचित्र प्रकार) | | सूची II (सूचना अंतर्वस्तु) |
|---|---|---|---|
| A. | वर्णमात्री | 1. | मात्रात्मक मानचित्र जो किसी वितरण के लिए बराबर मान के स्थानों को जोड़ने वाली अधिकल्पित रेखाओं को दिखाता है |
| B. | सममान रेखा | 2. | गुणात्मक मानचित्र जो क्षेत्रीय वितरण को प्रतीकों, सूचक अक्षरों आदि से दिखाता है |
| C. | कोरोक्रोमैटिक | 3. | गुणात्मक मानचित्र जो क्षेत्रीय वितरण को छायाओं और आभाओं से दिखाता है |
| D. | वर्णप्रतीकी | 4. | मात्रात्मक मानचित्र जो वितरण की प्रादेशिक विभिन्नता को छायाओं से दिखाता है |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

39. जो लेखाचित्र तरंगदैर्घ्य और परावर्तकता के परिमाण को दर्शाता है, उसे क्या कहते हैं ?

(a) स्पेक्ट्रमी परावर्तिता वक्र

(b) स्पेक्ट्रमी चिह्नक

(c) स्पेक्ट्रमी बैन्ड

(d) स्पेक्ट्रमी प्रदेश

40. लागत नियन्त्रण, गुणता नियन्त्रण और विकास के मूल्यांकन के आंकड़ों को निरूपित करने के लिए निम्नलिखित में से कौनसे आरेख/आरेखों का उपयोग सही है ?

(a) चक्र आरेख

(b) कोरोक्रोमैटिक मानचित्र

(c) कोरोग्राफिक कुतुबनुमा मानचित्र

(d) कोरोक्रोमैटिक और कोरोग्राफिक कुतुबनुमा मानचित्र, दोनों

41. अंकीय भूभाग प्रतिरूपण में भूभाग सूचना के संग्रह के लिए एक सदिश-आधारी आंकड़ा संरचना बनाई गई है, जिसमें प्रत्येक प्रतिदर्श बिन्दु के x, y निर्देशांक और ऊँचाई का z मान है । सभी बिन्दु अपने कोरों से जुड़कर अ-अतिव्यापी त्रिभुजों का जाल बनाते हैं जो सामूहिक रूप से भूभाग पृष्ठ को निरूपित करते हैं । इस जाल को क्या कहते हैं ?

(a) TIN

(b) DTM

(c) TQM

(d) TIGER

42. राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय भारत सरकार में किस मंत्रालय के अंतर्गत है ?

(a) कृषि मंत्रालय

(b) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

(c) पर्यावरण एवं वन मंत्रालय

(d) जल संसाधन मंत्रालय

43. Consider the following statements :

1. The Rhine rift valley stretches for more than 800 km.
2. The floor of Dead Sea is more than 1100 m below sea level.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

44. Consider the following statements :

1. Mistral is a cold wind blowing in North America.
2. Sirocco is a hot dry wind blowing across the North African coast.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

45. In the context of the inflow of South Westerly monsoon into India, consider the following statements :

1. The Arabian Sea current merges with the Bay of Bengal current over the Punjab and adjoining Himalayas.
2. "Breaks" or spells of dry weather are not the characteristic features of south-west monsoon.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

46. The plain formed due to coalescence of series of alluvial fans in the piedmont zone is known as

(a) Pediment
(b) Bajada
(c) Pediplain
(d) Hamada

47. Aretes are sharp ridges which develop between the adjacent

(a) Cirques
(b) Roche moutonnée
(c) Medial moraines
(d) U-shaped valleys

48. Calcium carbonate deposited by precipitation from carbonate-saturated waters around a hot spring is called

(a) Stalactite
(b) Stalagmite
(c) Travertine
(d) Lapies

49. When a descending air contracts and its volume decreases, what happens to its temperature ?

(a) Its temperature decreases
(b) Its temperature increases
(c) Its temperature remains constant
(d) Its temperature first increases, then decreases

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राइन रिफ्ट घाटी 800 किमी से अधिक फैली है ।
2. मृत सागर का तल समुद्र सतह से 1100 मी से अधिक नीचे है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मिस्ट्रल, उत्तरी अमेरिका में बहने वाला एक शीत पवन है ।
2. सिरोको, उत्तरी अफ्रीका के तट पर बहने वाला एक उष्ण शुष्क पवन है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

45. भारत में दक्षिण-पश्चिमी मानसून के अन्तर्वाह के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पंजाब एवं निकटवर्ती हिमालय के क्षेत्रों में अरब सागर की धारा बंगाल की खाड़ी की धारा में मिल जाती है ।
2. "विराम" अथवा शुष्क मौसम की अवधियाँ दक्षिण-पश्चिम मानसून की विशेषताएँ नहीं हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

46. गिरिपद क्षेत्र में जलोढ-पंखों की श्रेणियों के सम्मिलन से निर्मित मैदान क्या कहलाता है ?

(a) पेडिमेंट
(b) बाहादा
(c) पदस्थली
(d) हमादा

47. अरेत वे तीक्ष्ण कटक हैं, जो

(a) निकटवर्ती सर्कों के बीच विकसित होते हैं
(b) निकटवर्ती भेड़ पीठ शैलों के बीच विकसित होते हैं
(c) निकटवर्ती मध्य हिमोढों के बीच विकसित होते हैं
(d) निकटवर्ती यू-आकृतिक घाटियों के बीच विकसित होते हैं

48. उष्ण स्रोत के चारों ओर कार्बोनेट-संतृप्त जल से अवक्षेपण के द्वारा निक्षिप्त कैल्सियम कार्बोनेट क्या कहलाता है ?

(a) स्टैलैक्टाइट
(b) स्टैलैग्माइट
(c) ट्रैवर्टाइन
(d) लैपीज़

49. जब अवरोही वायु सिकुड़ती है एवं उसका आयतन घटता है, तब इसका ताप

(a) घटता है
(b) बढ़ता है
(c) स्थिर बना रहता है
(d) पहले बढ़ता है तब घटता है

50. What are Chinooks ?

(a) Cold local winds which blow from north-west to south-east direction in Spain

(b) Extremely dry winds blowing from north-east and east to west in eastern parts of Sahara desert

(c) Warm and dry winds which blow down the eastern slopes of Rocky Mountains of North America

(d) Warm and dry winds along the northern slopes of Alps Mountains

51. Condensation is a process which occurs when

(a) Temperature falls below 0° C

(b) Absolute humidity becomes equal to relative humidity

(c) Temperature in the air parcel remains static

(d) Relative humidity becomes 100% and more

52. Which of the following sequences of clouds in ascending order would one meet 500 metres and above the mean sea level ?

(a) Stratus, Nimbus, Cirrostratus, Cirrus

(b) Nimbus, Cirrostratus, Cirrocumulus, Stratus

(c) Cirrostratus, Stratus, Nimbus, Cumulo-nimbus

(d) Stratus, Cirrostratus, Cumulo-nimbus, Cirrocumulus

53. A ridge, 64,000 km long and 1000 to 4000 km wide, runs down the middle of the North and the South Atlantic Ocean basins, into the Indian Ocean basins, then passes between Australia and Antarctica to enter the South Pacific basin. What is this ridge ?

(a) Socotra-Lakshadweep-Chagos ridge

(b) Pacific-Antarctic ridge

(c) Dolphin-Challenger ridge

(d) Mid-oceanic ridge

54. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Sediment Types)* | *List II (Examples)* |
|---|---|
| A. Terrigenous | 1. Calcareous oozes |
| B. Biogenous | 2. Quartz and clay |
| C. Hydrogenous | 3. Tektite spheres |
| D. Comogenous | 4. Manganese nodules |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

55. Hard pan and clay pan in soil are found in

(a) A-horizon

(b) B-horizon

(c) C-horizon

(d) A-C horizon

56. Very thick A-horizon is often found in

(a) Chernozem soil

(b) Chestnut soil

(c) Brown forest soil

(d) Podzolic soil

50. चिनूक क्या हैं ?

(a) स्थानिक शीत पवन, जो स्पेन में उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व दिशा में बहते हैं

(b) अत्यन्त शुष्क पवन, जो सहारा मरुभूमि के पूर्वी भागों में उत्तर-पूर्व एवं पूर्व से पश्चिम को बहते हैं

(c) उष्ण एवं शुष्क पवन, जो उत्तरी अमेरिका में रॉकी पर्वतों के पूर्वी ढालों पर नीचे की ओर बहते हैं

(d) उष्ण एवं शुष्क पवन जो आल्प्स पर्वतों के उत्तरी ढालों पर हैं

51. संघनन प्रक्रिया घटित होती है, जब

(a) ताप 0° C से नीचे गिरता है

(b) निरपेक्ष आर्द्रता सापेक्ष आर्द्रता के बराबर हो जाती है

(c) ताप वायु खंड में स्थिर बना रहता है

(d) सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत एवं अधिक हो जाती है

52. निम्नलिखित में से कौनसा मेघों का अनुक्रम, आरोही क्रम में, 500 मीटर और अधिक औसत समुद्र तल में पाया जाएगा ?

(a) स्तरी, वर्षामेघ, पक्षाभ स्तरी, पक्षाभ

(b) वर्षामेघ, पक्षाभ स्तरी, पक्षाभ कपासी, स्तरी

(c) पक्षाभ स्तरी, स्तरी, वर्षामेघ, कपासी वर्षी

(d) स्तरी, पक्षाभ स्तरी, कपासी वर्षी, पक्षाभ कपासी

53. एक 64,000 किमी लम्बा एवं 1000 से 4000 किमी चौड़ा कटक उत्तर एवं दक्षिण अटलांटिक महासागर बेसिनों के बीच से होते हुए हिन्द महासागर बेसिनों में, और तब आस्ट्रेलिया एवं एन्टार्कटिका के मध्य गुजरते हुए दक्षिण प्रशान्त महासागर बेसिन में प्रवेश करता है । यह कटक क्या है ?

(a) सोकोट्रा-लक्षद्वीप-चैगोस कटक

(b) प्रशान्त-एन्टार्कटिक कटक

(c) डॉलफ़िन-चैलेंजर कटक

(d) मध्य-महासागरीय कटक

54. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (अवसाद के प्रकार) | | सूची II (उदाहरण) | |
|---|---|---|---|
| A. | स्थलजात | 1. | कैल्सियमी सिंधुपंक |
| B. | जीव-जीवी | 2. | स्फटिक एवं मृत्तिका |
| C. | जलजनित | 3. | टेक्टाइट गोलीय |
| D. | कोमोजेनस | 4. | मैंगनीज़ ग्रंथिका |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

55. मिट्टी में हार्ड पैन एवं मृत्तिका पैन कहाँ पाए जाते हैं ?

(a) ए-क्षितिज

(b) बी-क्षितिज

(c) सी-क्षितिज

(d) ए-सी क्षितिज

56. बहुत गहरा ए-क्षितिज प्रायः किस मृदा में पाया जाता है ?

(a) चर्नोज़ेम मृदा

(b) चेस्टनट मृदा

(c) भूरा जंगल मृदा

(d) पॉडज़ोली मृदा

57. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Soil group)* | | *List II (Climatic Regimes)* |
|---|---|---|
| A. Chernozem | 1. | Temperate grasslands |
| B. Terra Rossa | 2. | Mediterranean |
| C. Podsol | 3. | Cool temperate |
| D. Sierozem | 4. | Hot deserts |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

58. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Highest Peak)* | | *List II (Country)* |
|---|---|---|
| A. Mount Logan | 1. | Australia |
| B. Mount McKinley | 2. | U.S.A. |
| C. Mount Kosciusko | 3. | Canada |

**Code :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 1 |

59. In U.S.A. which one of the following regions receives heavy rainfall throughout the year under the influence of Westerlies ?

(a) North Western

(b) North Eastern

(c) South Western

(d) South Eastern

60. Among the following, the narrowest portion of English Channel lies between

(a) Dover and Calais

(b) Portsmouth and Le Havre

(c) Hull and Rotterdam

(d) Plymouth and Brest

61. Alps Mountains are spread over

(a) France, Switzerland, Italy, Romania

(b) France, Switzerland, Italy, Austria

(c) France, Switzerland, Italy, Spain

(d) France, Switzerland, Italy, Belgium

62. The high altitude tropical forest which has dwarfed trees is known as

(a) Alpine forest

(b) Elfin forest

(c) Montane forest

(d) Sclerophyll forest

57. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I (मृदा वर्ग)* | | *सूची II (जलवायवी प्रवृत्ति)* |
|---|---|---|---|
| A. | चर्नोज़ेम | 1. | शीतोष्ण घासस्थल |
| B. | टेरा रोसा | 2. | भूमध्यसागरीय |
| C. | पोडसोल | 3. | शीतल शीतोष्ण |
| D. | सिरोज़ेम | 4. | उष्ण मरुस्थल |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

58. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (उच्चतम शिखर)* | *सूची II (देश)* |
|---|---|
| A. माउन्ट लोगन | 1. आस्ट्रेलिया |
| B. माउन्ट मैक्किनले | 2. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| C. माउन्ट कॉस्सिउसको | 3. कनाडा |

**कूट :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 1 |

59. संयुक्त राज्य अमेरिका के निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन एक, पछुवा हवाओं के प्रभाव से साल भर भारी वर्षा प्राप्त करता है ?

(a) उत्तर पश्चिमी

(b) उत्तर पूर्वी

(c) दक्षिण पश्चिमी

(d) दक्षिण पूर्वी

60. निम्नलिखित में से इंग्लिश चैनल का संकीर्णतम हिस्सा किसके बीच स्थित है ?

(a) डोवर एवं कैले

(b) पोर्ट्समाउथ एवं ले हाव्र

(c) हल एवं रॉटरडम

(d) प्लाइमाउथ एवं ब्रेस्ट

61. आल्प्स पर्वत किन देशों में फैले हुए हैं ?

(a) फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, इटली, रोमानिया

(b) फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, इटली, ऑस्ट्रिया

(c) फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, इटली, स्पेन

(d) फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, इटली, बेल्जियम

62. वामन वृक्षों वाला उच्च तुंगता उष्णकटिबंधीय वन क्या कहलाता है ?

(a) अल्पाइन वन

(b) एल्फिन वन

(c) मौन्टेन वन

(d) स्क्लेरोफिल वन

63. Consider the following pairs :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Coal | : | Donbas |
| 2. | Iron ore | : | Magnitogorsk |
| 3. | Mica | : | Mama |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

64. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I* *(Island)* | *List II* *(City)* |
|---|---|
| A. Hokkaido | 1. Takamatsu |
| B. Honshu | 2. Nagasaki |
| C. Shikoku | 3. Yokohama |
| D. Kyushu | 4. Hakodate |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

65. Consider the following pairs :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Kumamoto | : | Ship-building |
| 2. | Fukuoka | : | Chemicals |
| 3. | Hamamatsu | : | Musical instruments |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

